## नियम 15 : रजिस्ट्रार की शक्तियां और कार्य

रजिस्ट्रार के पास निम्नलिखित शक्तियां और कार्य होंगे, अर्थातः—

**(क)** अपील अधिकरण के दिन–प्रतिदिन के प्रशासन के लिए उत्तरदायी होगा;

**(ख)** अपील अधिकरण में अपील फाईल करने की प्रक्रिया अधिसूचित करना;

**(ग)** अपीलों, याचिकाओं और आवेदनों का रजिस्ट्रीकरण और उनकी छानबीन;

**(घ)** अपील या याचिका या आवेदन या पश्चात्वर्ती कार्यवाहियों में संशोधन के लिए आवेदन प्राप्त करना;

**(ङ.)** नये समन या नोटिस तथा उनकी *तामील के संबंध में आवेदन प्राप्त करना;

**(च)** अल्प तारीख के सम्मन और नोटिस के लिए आवेदन प्राप्त करना;

---

* राजपत्र में ''तामीन'' छपा है।